ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

**प्रो. कृष्ण कुमार सिंह**
**Prof. Krishna Kumar Singh**
**कार्यकारी कुलसचिव**
**Acting Registrar**

फोन नं. 07152-232974
मो. 9404354261

पत्रांक : 21/PRO/2018-19/76
दिनांक : 01.08.2018

# सूचना

सभी शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि ***दि. 01 से 15 अगस्त 2018*** के दौरान विश्वविद्यालय में '***स्वच्छता पखवाड़ा***' मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 07 से 08 बजे के बीच स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का प्रारंभ मा. कुलपति महोदय की उपस्थिति में आज सुबह गांधी हिल पर स्वच्छता की शपथ लेकर किया गया।

विभाग प्रमुखों तथा केंद्र निदेशकों से निवेदन है कि वे अपने विभाग/केंद्र के सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर विभाग/केंद्र के स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाएँ तथा इसके छायाचित्र upload@hindivishwa.org पर भेजने का कष्ट करें।

स्वच्छता की शपथ की प्रति मेल के साथ संलग्न है।

यह सूचना सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार जारी की जाती है।

(के.के.सिंह)

**प्रतिलिपि :**

1. कुलपति कार्यालय
2. प्रतिकुलपति कार्यालय
3. कुलसचिव कार्यालय
4. समस्त विभाग/केंद्र
5. राष्ट्रीय सेवा योजना
6. लीला विभाग, वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु

## स्वच्छता शपथ

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।

महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।